पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री तथा मुख्यमंत्री ने जनपद आजमगढ़ में 4583 करोड़ रु0 की 117 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

**जल जीवन मिशन के अन्तर्गत लगभग 4257 करोड़ रु0 की लागत से 1358 पाइप पेयजल परियोजना तथा लगभग 22 करोड़ रु0 की लागत से हरिहरपुर संगीत महाविद्यालय का शिलान्यास, हरिऔध कला केन्द्र का लोकार्पण**

**आजमगढ़ की धरोहर हरिहरपुर घराने को पुनः सम्मान देने के लिए संगीत महाविद्यालय की नींव रखने का कार्य हुआ : केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री**

**आजमगढ़ में स्थापित होने वाला संगीत महाविद्यालय हरिहरपुर के समृद्ध संगीत घराने को संजीवनी देने का कार्य करेगा**

**प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने प्रदेश को बिजली से युक्त कर विकास के नए युग की शुरुआत की**

**नोएडा और आजमगढ़ में नए अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे बन रहे, लखनऊ, वाराणसी और कुशीनगर सहित पांच अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला भारत का एकमात्र राज्य उ0प्र0**

**प्रधानमंत्री जी की पी0एम0 गतिशक्ति योजना को उ0प्र0 सरकार ने जमीन पर उतारा**

**योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश को दंगामुक्त प्रदेश बनाने का कार्य किया**

**भारत ने दुनिया के सामने विकास, सुरक्षा व समृद्धि का नया मानक तय किया : मुख्यमंत्री**

**प्रधानमंत्री जी एवं गृह मंत्री जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में उ0प्र0 विकास और समृद्धि का नया प्रतिमान स्थापित करते हुए आगे बढ़ रहा**

**वर्ष 2017 से पूर्व जनपद आजमगढ़ में जहां पहचान का संकट था, आज वहीं आजमगढ़ को प्रधानमंत्री जी ने पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे के साथ लखनऊ से जोड़ने का कार्य किया**

**जनपद आजमगढ़ का हरिहरपुर घराना, एक ऐसा घराना है, जिसमें गायन, वादन एवं नृत्य तीनों विधाओं को विश्वविख्यात कलाकारों ने दुनिया के मंच पर सम्मान दिलाने का कार्य किया**

**शीघ्र ही महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय के भव्य भवन का उद्घाटन होने जा रहा**

**अच्छा नेतृत्व अपने नागरिकों के सुख–दुःख में सहभागी बनने के साथ ही, उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने, उनके विकास, समृद्धि एवं सुरक्षा का कारक बनता**

**जनपद में सड़क, हाई–वे, पॉलीटेक्निक, डिग्री एवं इण्टर कॉलेज का तेजी से निर्माण हो रहा, हर घर नल योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा**

**लखनऊ : 07 अप्रैल, 2023**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद आजमगढ़ में 4583 करोड़ रुपये की 117 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर जल जीवन मिशन के अन्तर्गत लगभग 4257 करोड़ रुपये की लागत से 1358 पाइप पेयजल परियोजना तथा लगभग 22 करोड़ रुपये की लागत से हरिहरपुर संगीत महाविद्यालय का शिलान्यास किया।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी ने कहा कि पहले आजमगढ़ को आतंक के केन्द्र के रूप में माना जाता था। आज उसी आजमगढ़ की धरोहर हरिहरपुर घराने को पुनः सम्मान देने के लिए संगीत महाविद्यालय की नींव रखने का कार्य हुआ है। आजमगढ़ की धरती हरिहरपुर घराने तथा पं0 छन्नू लाल मिश्र जैसे गायिकी के विद्वानों से जानी जाती थी। पूर्ववर्ती सरकारों ने आजमगढ़ की छवि को धूमिल करने का कार्य किया था। आज उसी आजमगढ़ में शास्त्रीय संगीत को समर्पित संगीत महाविद्यालय स्थापित होने जा रहा है।

हरिहरपुर घराना, जिसके नाम में ही हरि और हर दोनों है, वह हमेशा सम्पूर्ण होता है। आजमगढ़ गायिकी व कला की दृष्टि से तीनों विधाओं–गायन, वादन एवं नृत्य का केन्द्र हुआ करता था। हरिहरपुर संगीत घराने के पद्मविभूषण पं0 छन्नू लाल मिश्र, पं0 अम्बिका मिश्र, डॉ0 मनोज कुमार मिश्र जैसे राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को प्रसन्नता हो रही होगी कि जनपद आजमगढ़ का संगीत महाविद्यालय प्रारम्भ हो रहा है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी ने कहा कि संगीत को सम्भालना, संस्कृति को प्राणवायु देने जैसा होता है। संगीत को आगे बढ़ाने, गायन, वादन एवं नृत्य इन तीनों कलाओं को महाविद्यालय में आश्रय मिलेगा, उनका प्रचार होगा। साथ ही, जनपद में संगीत के क्षेत्र में अनेक प्रतिभाओं को अपना कैरियर बनाने का अवसर मिलेगा। देश की कला व संगीत को संरक्षित कर ही भावी पीढ़ी के लिए संस्कृति को सुरक्षित किया जा सकता है। आजमगढ़ में स्थापित होने वाला संगीत महाविद्यालय हरिहरपुर के समृद्ध संगीत घराने को संजीवनी देने का कार्य करेगा। यह संगीत महाविद्यालय आने वाले दिनों में न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे भारत का गौरव समग्र विश्व में बढ़ाएगा।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी ने कहा कि एक समय ऐसा था, जब ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली नहीं होती थी, लेकिन प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश को बिजली से युक्त कर विकास के नए युग की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री जी देश के हर घर में शुद्ध पीने का पानी नल से पहुँचा रहे हैं। आज आजमगढ़ में 4257 करोड़ रुपये की नल से जल की 1358 योजनाओं की शुरुआत हुई है। आज यहां हमने हर घर जल की योजना की नींव डाली है।

प्रधानमंत्री जी ने पूरे देश के 60 प्रतिशत घरों में नल से जल पहुंचाया है और आज देश में हर एक सेकेण्ड में एक घर में नल से जल पहुंचता है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश के 11 करोड़ 66 लाख घरों में नल से जल पहुंचाने का कार्य सम्पन्न हो चुका है। उत्तर प्रदेश में फ्लोराइड से प्रभावित बस्तियों में भी नल के जरिये पीने का शुद्ध पानी पहुंचाने की शुरुआत आज से हो रही है। आज यहां लगभग 4500 करोड़ रुपये लागत की विभिन्न अन्य योजनाओं का लोकार्पण और भूमि पूजन भी हुआ है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश विकास की पहचान बना है। यहां सड़कों और नहरों का जाल बिछ गया है। हर किसान को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 6000 रुपये मिल रहे हैं। 01 करोड़ 76 लाख घरों में गैस सिलेण्डर पहुंचा है। हर घर में शौचालय उपलब्ध कराया गया है। आज एक भी गांव है ऐसा नहीं बचा है, जहां बिजली पहुंचनी बाकी हो। उत्तर प्रदेश को विकास की दौड़ में आगे ले जाने के लिए डबल इंजन की सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी ने कहा कि आजमगढ़ को हमेशा खराब कानून–व्यवस्था की परिस्थितियों का सामना करना पड़ता था। लेकिन आज इस जनपद को विकास का गढ़ बनाने का कार्य योगी सरकार ने किया है। उत्तर प्रदेश के नोएडा और आजमगढ़ में नए अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे बन रहे हैं। साथ ही, लखनऊ, वाराणसी और कुशीनगर सहित पांच अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला भारत का एकमात्र राज्य उत्तर प्रदेश बना है। प्रधानमंत्री जी की पी0एम0 गतिशक्ति योजना को भी उत्तर प्रदेश सरकार ने जमीन पर उतारा है। पूरे उत्तर प्रदेश को दंगामुक्त प्रदेश बनाने का कार्य भी योगी सरकार ने किया है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि आज भारत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में नए भारत के रूप में दुनिया के सामने प्रस्तुत हुआ है। भारत ने दुनिया के सामने विकास, सुरक्षा व समृद्धि का नया मानक तय किया है। प्रधानमंत्री जी एवं गृह मंत्री जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश आज विकास और समृद्धि का नया प्रतिमान स्थापित करते

हुए आगे बढ़ रहा है। उसी का परिणाम है कि वर्ष 2017 से पूर्व जनपद आजमगढ़ में जहां पहचान का संकट था, आज वहीं आजमगढ़ को प्रधानमंत्री जी ने पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे के साथ लखनऊ से जोड़ने का कार्य किया है। वर्ष 2017 से पूर्व आजमगढ़ से लखनऊ पहुंचने में 06 से 07 घण्टे लगते थे। आज पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे के माध्यम से आजमगढ़ से लखनऊ की दूरी 02 से ढाई घण्टे में तय की जा सकती है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी ने पिछले भ्रमण के दौरान जनपद आजमगढ़ में महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया था। शीघ्र ही, इस विश्वविद्यालय के भव्य भवन का उद्घाटन होने जा रहा है। जनपद आजमगढ़ का हरिहरपुर घराना, एक ऐसा घराना है, जिसमें गायन, वादन एवं नृत्य तीनों विधाओं को अपने–अपने समय के मूर्धन्य विश्वविख्यात कलाकारों ने दुनिया के मंच पर सम्मान दिलाने का कार्य किया था। आज आजमगढ़ की विरासत को सम्मान दिलाने के लिए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी स्वयं यहां पधारे हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2017 से पूर्व कोई आजमगढ़ के विकास के बारे में नहीं सोचता था। जनपद का नाम विनाशकारी कार्यों में लिया जाता है। आज आजमगढ़ विकास के लिए जाना जाता है। आज यहां केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी द्वारा लगभग 4600 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास सम्पन्न हुआ है। यह दिखाता है कि आज विकास के लिए एक–एक रुपये का उपयोग किया जा रहा है। जनपद में सड़क, हाई–वे, पॉलीटेक्निक, डिग्री एवं इण्टर कॉलेज का तेजी से निर्माण हो रहा है। हर घर नल योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जनपद में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिये आवास, शौचालय, आयुष्मान भारत आदि का लाभ बिना भेदभाव यहां की जनता को मिल रहा है।

कोरोना कालखण्ड में प्रदेश की 15 करोड़ जनता को प्रधानमंत्री जी ने निःशुल्क राशन की सुविधा उपलब्ध करायी, जिसका लाभ आज भी मिल रहा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में विगत 03 वर्षों से मार्च, 2020 से निरन्तर 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। 220 करोड़ कोविड वैक्सीन की डोज देशवासियों को उपलब्ध करायी गई। अच्छा नेतृत्व अपने नागरिकों के सुख–दुःख में सहभागी बनने के साथ ही, उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने, उनके विकास, समृद्धि एवं सुरक्षा का कारक बनता है। किन्तु स्वार्थी, भेदभावकारी व भ्रष्ट नेतृत्व होने पर पाकिस्तान की तरह भूख और रोटी का संकट जनता के सामने पड़ता है। इस प्रकार की स्थिति इसके पहले के नेतृत्व द्वारा भारत में भी उत्पन्न करने की कोशिश की गई थी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2014 से भारत विकास की नई बुलन्दियों को छू रहा है। पहले कोई सोच नहीं सकता था कि कश्मीर से धारा–370 समाप्त होगी और कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा बनेगा। जिस प्रकार हम भारत के किसी भी कोने में आ–जा सकते हैं, वैसे ही आज हम सभी कश्मीर में आ–जा सकते हैं। आज यह सपना नहीं हकीकत बन चुका है। आज जम्मू–कश्मीर के साथ ही, पूर्वोत्तर भारत के अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मणिपुर, असम, नागालैण्ड, मेघालय की वर्तमान सरकारों ने साबित किया है कि वहां तक विकास पहुंचा है। इन राज्यों में अलगाववाद समाप्त हुआ है। उन्हें राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़कर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को साकार किया गया है। देश आज एक संकल्प के साथ आगे बढ़कर भारत माता के महान सपूतों का अभिनन्दन कर रहा है।

ज्ञातव्य है कि जनपद आजमगढ़ में लगभग 152 करोड़ रुपये कुल लागत की लोकार्पित विभिन्न विकास परियोजनाओं में हरिऔध कला केन्द्र, शाहगढ़–मुबाकरपुर मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, तहसील मार्टीनगंज का अनावासीय भवन, पुलिस लाइन में 200 व्यक्तियों की क्षमता हेतु बैरक, कुशलगांव एवं लाटघाट में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज देवगांव में ट्रेनिंग एवं प्लेसमेण्ट तथा इनोवेशन सेण्टर एवं केयर लैब, राजकीय श्री दुर्गा जी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, चण्डेश्वर में पार्किंग, औषधि भण्डार, म्युजियम हॉल एवं बाउण्ड्रीवॉल सहित कुल 61 परियोजनाओं का लोकार्पण सम्मिलित है।

शिलान्यास की गई लगभग 4431 करोड़ रुपये कुल लागत की 56 विकास परियोजनाओं में आजमगढ़–बिलरियागंज–रौनापार मार्ग के चैनेज 12.870 से चैनेज 26.00 तक का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, तहसील फूलपुर के ग्राम असई–असरफपुर, तहसील सदर के ग्राम रामपुर एवं तहसील निजामाबाद के ग्राम चरहा में वृहद गो–संरक्षण केन्द्र, रासेपुर तितरा मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, ग्राम हरिहरपुर स्थित प्राचीन शिव जी स्थल एवं प्राचीन शीतला माता स्थल का पर्यटन विकास कार्य शामिल हैं।

इस अवसर पर श्रम एवं सेवायोजन मंत्री श्री अनिल राजभर, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह, परिवहन मंत्री श्री दयाशंकर सिंह, विधान परिषद सदस्य श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं श्री यशवन्त सिंह, सांसद आजमगढ़ श्री दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा शासन–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

———————

***PN-CM-Azamgarh Visit-07 April, 2023***